प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

2 मई 2025

## 'रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित बाजारों के व्यापार और निपटान समय की व्यापक समीक्षा' पर कार्य दल की रिपोर्ट

भारतीय रिज़र्व बैंक ने 7 फरवरी 2025 के 'विकासात्मक और विनियामक नीतियों पर वक्तव्य ' में की गई घोषणा के अनुसार, रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित बाज़ारों के व्यापार और निपटान समय की व्यापक समीक्षा करने के लिए एक कार्य दल का गठन किया था। कार्य दल की अध्यक्षता श्री राधा श्याम रथ, कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक ने की। इसे मौजूदा बाज़ार समय की समीक्षा करने, परिचालन चुनौतियों की पहचान करने, वैश्विक पद्धतियों की जांच करने और आगे की राह संबंधी सिफारिशें करने का कार्य सौंपा गया था।

कार्य दल ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है और इसे आज रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर डाला जा रहा है। रिपोर्ट पर हितधारकों और सामान्य जन से 30 मई 2025 तक ईमेल के माध्यम से टिप्पणियाँ आमंत्रित की गई हैं। कार्य दल द्वारा की गई सिफारिशों पर अंतिम निर्णय लेने से पहले टिप्पणियों की जांच की जाएगी।

**(पुनीत पंचोली)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/233**